माननीय अध्यक्ष ने लोक लेखा समिति की पहली बैठक को संबोधित किया

नई दिल्ली, 06 अगस्त, 2019: नई पुनर्गठित लोक लेखा समिति की पहली बैठक आज कमरा संख्या.62, संसद भवन में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति, श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा की गई जिन्होंने समिति के सदस्यों को संबोधित करने के लिए अध्यक्ष श्री ओम बिरला को आमंत्रित किया था। सबसे पहले, श्री चौधरी ने समिति की बैठक में श्री बिरला का स्वागत किया और कहा कि यह बैठक अनौपचारिक स्वरूप की है और उन्हें इस बात की खुशी है कि अध्यक्ष ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच आमंत्रण को स्वीकार किया और समिति इसके लिए उनकी आभारी है। तत्पश्चात उन्होंने श्री बिरला को समिति संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। अपने भाषण की शुरूआत में लोक सभा अध्यक्ष ने समिति द्वारा किए जाने वाले कार्य के लिए समिति की सराहना की और कहा कि लोक लेखा समिति सभा की सबसे पुरानी समिति है और इसे प्राप्त अधिदेश अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही से संबंधित कार्य करती है। उन्होंने यह विश्वास जताया कि समिति पूर्ण निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करती रहेगी। सभापति ने उपस्थित जनों को धन्यवाद देकर सभा का समापन किया।